# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लाक–03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
e-mail:highereducation.cg.gmail.com, website:highereducation.cg.gov.in

## //आदेश//

नया रायपुर, दिनांक 08.04.2020

क्रमांक /75 /आउशि/2020 :: कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम हेतु लागू लॉकडाउन के कारण राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों का अकादमिक कैलण्डर विलंबित हो चुका है, तथा वर्तमान स्थिति में सामाजिक दूरी की आवश्यकता को देखते हुये आगामी शिक्षा सत्र भी विलंबित होने की संभावना है। अतः निर्धारित पाठ्यक्रम अनुरूप सभी अध्यायों का शिक्षण कार्य क्लासरूम शिक्षण पद्धती के साथ–साथ वीडियों लेक्चर के माध्यम से भी पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

1. उक्त निर्णय के अनुकम में राज्य में संचालित स्नातक पाठयकम के अनुरूप विषयवार सभी अध्यायों के वीडियों लेक्चर तैयार किया जाना है। इस योजना के कियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु निम्नानुसार राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, अपर संचालक | – संयोजक |
| 2. | डॉ. हिमांशुशेखर कर, अपर संचालक | – सदस्य |
| 3. | डॉ. पी. सी. चौबे, अपर संचालक | – सदस्य |
| 4. | डॉ. एस. के त्रिपाठी, प्राचार्य<br>(शासकीय राजीव गांधी पी.जी. महाविद्यालय, अंबिकापुर) | – सदस्य |
| 5. | डॉ. एस. एस. अग्रवाल, प्राचार्य<br>(शासकीय रेवती रमन मिश्र पी.जी. महाविद्यालय, सूरजपुर) | – सदस्य |
| 6. | डॉ. एस. आर. कमलेश, प्राचार्य<br>(शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर) | – सदस्य |
| 7. | डॉ. सुशील तिवारी, प्राचार्य<br>(शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) | – सदस्य |
| 8. | डॉ. अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य<br>(शासकीय जे. योगान्नदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर) | – सदस्य |
| 9. | डॉ. वेणुगोपाल, सहायक प्राध्यापक | – सह संयोजक |
| 10. | डॉ. जी. घनश्याम, सहायक प्राध्यापक | – सह संयोजक |

2. उपरोक्त योजना के तहत विषयवार राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी संलग्न परिशिष्ट–1 के अनुसार नियुक्त किये जाते है।

3. राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी स्नातक पाठयक्रम के अध्यायवार वीडियों लेक्चर्स तैयार करने हेतु प्रत्येक अध्याय के लिये न्यूनतम 03 सहायक प्राध्यापकों का चयन कर संबंधित प्राध्यापकों को इसकी सूचना दी जायेगी।

8/4

Scanned with CamScanner

4. सहायक प्राध्यपकों द्वारा 07 दिवस के अन्दर वीडियों लेक्चर्स तैयार कर राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को प्रेषित करेगें। नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापकों से प्राप्त वीडियो लेक्चर्स परीक्षण एवं अनुमोदन हेतु राज्य स्तरीय समिति को अग्रेषित करेगें। राज्य स्तरीय समिति द्वारा वीडियों लेक्चर्स का परीक्षण सभी दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने पर अनुमोदन दिया जायेगा।

5. राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित वीडियों लेक्चर्स यू–टयूब में अपलोड करने अथवा अन्य ऐप/ ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुचाने संबंधी समस्त सुसंगत कार्यवाही संयोजक के मार्गदर्शन में सह–संयोजको द्वारा की जायेगी।

6. समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा उनके अधीनस्थ सहायक प्राध्यापको को आबंटित अध्यायों के वीडियों लेक्चर्स समय सीमा में राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को प्रेषित करने के संबंध में मॉनिटरिंग की जायेगी।

7. यू–टयूब/ अन्य ऐप अथवा ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध राज्य के शैक्षणिक पाठ्यक्रम से संबंधित वीडियों की पूरी जानकारी का विद्यार्थियों के बीच अधिक से अधिक प्रचार प्रसार महाविद्यालयों द्वारा किया जायेगा।

इस योजना के कियान्वयन के संबंध में अन्य विस्तृत निर्देश राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा से समय–समय पर पृथक से जारी किये जायेंगें।

8/4

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त,
उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर

पृ. क्रमांक 76 /आ.उ.शि/2020 नया रायपुर, दिनांक 08/04/2020

प्रतिलिपिः

1. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर
2. निज सचिव, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग.शासन, मंत्रालय, नवा रायपुर
3. समस्त सदस्यगण, राज्य स्तरीय समिति की ओर आवश्यक कार्यवाही सूचनार्थ एवं पालनार्थ
4. समस्त विषयवार, राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल सूचनार्थ
5. समस्त क्षेत्रीय अपर संचालक
6. रजिस्ट्रार समस्त विश्वविद्यालय
7. प्राचार्य, समस्त शासकीय महाविद्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ
8. आदेश फोल्डर

8/4

आयुक्त,
उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर

Scanned with CamSca

## परिशिष्ट– 1
## राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी

| स.क्र. | विषय | नाम | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | डॉ. एस. के. शर्मा | शासकीय नागार्जुन विज्ञान पी.जी. महाविद्यालय, रायपुर |
| 2 | अंग्रेज़ी | डॉ. कीर्ति तिवरी | शासकीय जे. योगान्नदम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर |
| 3 | भूगोल | डॉ. शीला श्रीधर | शासकीय दू.ब. महिला पी.जी. महाविद्यालय, रायपुर |
| 4 | राजनीति शास्त्र | डॉ. दीपशिखा शुक्ला | शासकीय जे.पी. वर्मा पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 5 | समाजशास्त्र | डॉ. प्रीति शर्मा | शासकीय दू.ब. महिला पी.जी. महाविद्यालय, रायपुर |
| 6 | इतिहास | डॉ. ए. के. पाण्डे | शासकीय वी.वाय.टी. पी.जी. महाविद्यालय, दुर्ग |
| 7 | मनोविज्ञान | डॉ. जय सिंह | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर |
| 8 | दर्शनशास्त्र | डॉ. बी. एस. मरावी | शासकीय टी.सी.एल. महाविद्यालय, जांजगीर |
| 9 | अर्थशास्त्र | डॉ. डी. सी. अग्रवाल | शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग |
| 10 | गृहविज्ञान | डॉ. सीमा मिश्रा | शासकीय बिलासा गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 11 | संस्कृत | | |
| 12 | भौतिकविज्ञान | डॉ. अंजली अवधिया | शासकीय नागार्जुन विज्ञान पी.जी. महाविद्यालय, रायपुर |
| 13 | रसायनविज्ञान | डॉ. ए. के. सिंह | शासकीय वी.वाय.टी. पी.जी. महाविद्यालय, दुर्ग |
| 14 | वनस्पतिविज्ञान | डॉ. रिज़वान उल्ला खान | शासकीय राजीव गांधी पी.जी. महाविद्यालय, अंबिकापुर |
| 15 | प्राणिविज्ञान | डॉ. शुभदा राहलकर | शासकीय बिलासा गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 16 | गणित | डॉ. यू. के. श्रीवास्तव | शासकीय ई.आर.राव. पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 17 | भूगर्भशास्त्र | डॉ. एस. देशमुख | शासकीय वी.वाय.टी. पी.जी. महाविद्यालय, दुर्ग |
| 18 | जैव प्रोद्योगिकी | डॉ. डी. के. श्रीवास्तव | शासकीय ई.आर.राव. पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 19 | कम्प्यूटर विज्ञान | डॉ. अनिल शर्मा | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, कवर्धा |
| 20 | माइक्रोबायोलॉजी | डॉ. रश्मि सिंह परिहार | शासकीय ई.आर.राव. पी.जी. महाविद्यालय, बिलासपुर |

8/4

Scanned with CamScanner